हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

06 हमला, मारपीट, धमकी सहित कुल 13 प्रकरणों में...



07 चोकाबाग हत्याकांड, मुठभेड़ में घायल आरोपी पकड़ा...



खबर संक्षेप में

नगर परिषद भानपुरा द्वारा शिविर का आयोजन



भानपुरा /मंदसौर.। सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत रविवार 4 अक्टूबर को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित नगर परिषद कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष भानपुरा विजय पाटीदार, नेता प्रतिपक्ष श्रीनाथ उपाध्याय, पार्षद गण सुभाष बागड़ी, शीतल भूटानी, मकसूद अंसारी एवं भाजपा नेता अशोक गोखरू, अभिषेक मांदलिया, आदित्य मंगरोलिया आदि मंचासिन थे। अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन कर एवं दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मंचासीन अतिथियों का प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद शर्मा द्वारा स्वागत किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। एवं पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही नगर परिषद द्वारा संबल योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख, 4 लाख के स्वीकृति आदेश मंचासिन अतिथियों द्वारा वितरित किये गये। आयोजित शिविर में नायब तहसीलदार सुनील अग्रवाल, पार्षद गण, एल्डरमैन, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण, हितग्राही, नगर वासी आदि उपस्थित थे।

महाअभिषेक व अष्टप्रकारी पूजा का हुआ आयोजन

मंदसौर। दादा गुरुदेव श्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. के 200 वे जन्म द्विशताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में प. पू. मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी व श्री पवित्ररत्नविजयजी म. सा. की पावन निश्रा में जनकपुरा स्थित श्री अजीतनाथजी जैन श्वेताम्बर मंदिर में त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ के द्वारा महाअभिषेक व अष्टप्रकारी पूजा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः 10.30 से 11.30 बजे तक विधिकारक जितेन्द्रभाई ने संगीत की स्वर साधना के मध्य महाअभिषेक व अष्टप्रकारी पूजा की विधि सम्पन्न करायी। इसमें बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाये भी उपस्थित थे।

योजनाओं से आमजन को मिल रहा भरपूर लाभ



मल्हारगढ़ /मंदसौर। सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार अंतर्गत नगर परिषद मल्हारगढ़ अंबेडकर मांगलिक भवन में शिविर का आयोजन हुवा। जिसमें समस्त विभागों के स्टाल शिविर में लगाये जाकर केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, हितलाभ व समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित,मंडल अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष व सेवा सेतु शिविर मल्हारगढ़ प्रभारी अनिल पाटीदार, तहसीलदार मल्हारगढ़ पंकज जाट,जिले से नियुक्त नोडल अधिकारी राहुल गौर, प्राचार्य आइटीआई मन्दसौर द्वारा मां सरस्वती व पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश कछावा, वरिष्ठ पार्षद मनीष चोहान, गोपाल कसोदनिया, कल्पना सक्सेना, सुनिल शर्मा सभापति प्रतिनिधि हरिकृष्ण बटवाल ,मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश गुप्ता ने किया।

आरोपियों के कब्जे से 14.125 किलो चांदी और 2 बोलेरो वाहन जब्त

ज्वेलरी व्यापारी से लूट के मामले में बड़ी कार्रवाई, आठ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा जिले में चोरी, लूट एवं संपत्ति संबंधी गंभीर अपराधों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे मामलों में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं शत-प्रतिशत मशरुका बरामदगी के लिए सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एडिशनल एसपी रविंद्र कुमार बोयट के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव के पर्यवेक्षण में थाना नलखेड़ा पुलिस द्वारा प्रकरण की लगातार मॉनिटरिंग करते हुए तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर तंत्र एवं उपलब्ध अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई आगे बढ़ाई गई। थाना नलखेड़ा के अपराध क्रमांक 133/2025, धारा 311, 3(5) बीएनएस, इजाफा धारा 309(6), 310(2) बीएनएस के गंभीर लूट प्रकरण में पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई करते हुए अब तक 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे एवं निशादेही से कुल 14.125 किलोग्राम चांदी तथा घटना में प्रयुक्त 02 बिना नंबर की बोलेरो वाहन जप्त किए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विवेचना की लगातार समीक्षा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ-साथ लूटे गए मशरुका की बरामदगी तथा प्रकरण में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच के लिए पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



ज्वेलरी व्यापारी को रास्ते में रोककर की थी लूट

गत 23 मई 2025 की रात करीब 09 बजे नलखेड़ा निवासी फरियादी पारस सोनी अपनी ज्वेलरी की दुकान बंद कर कर्मचारी दुर्गेश मीणा के साथ स्कूटी से घर जा रहे थे। उनके पास चांदी के जेवरात, सोने के जेवरात एवं नकदी रखी थी। मोदी तिराहा-बडलावदा रोड, जायसवाल कॉलोनी के पास पीछे से आई सफेद रंग की बिना नंबर की बोलेरो में सवार व्यक्तियों ने फरियादी के साथ मारपीट कर जेवरात एवं अन्य सामान लूट लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना नलखेड़ा पुलिस द्वारा तत्काल प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

लूटी चांदी खरीदकर गलाने वाले आरोपी तक पहुंची पुलिस

पुलिस की लगातार विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के दौरान यह तथ्य सामने आया कि लूटी गई चांदी को खरीदकर गलाकर चांदी की सिल्लियों में परिवर्तित किया गया था। इस महत्वपूर्ण कड़ी पर कार्रवाई करते हुए 27 सितंबर 2026 को आरोपी रामेश्वरलाल उर्फ रमेश को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से लूट की 5 किलो 985 ग्राम चांदी को गलाकर बनाई गई चांदी की सिल्लियां जप्त की गईं। इस प्रकार पुलिस द्वारा लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों के साथ-साथ लूटे गए मशरुका को खरीदने एवं उसका स्वरूप बदलने वाले व्यक्ति तक भी कार्रवाई को पहुंचाया गया।

लगातार कार्रवाई से एक-एक कर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा लगातार संभावित स्थानों पर दबिश, संदिग्धों से पूछताछ, तकनीकी विश्लेषण एवं विश्वसनीय सूचना तंत्र के आधार पर साक्ष्य संकलित किए गए। इसी क्रम में 10 जून 2025 को आरोपी प्रेमचन्द्र, विक्रम, सन्नी एवं पुरीलाल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 किलो 40 ग्राम चांदी जप्त की गई। इसके बाद 02 अगस्त 2025 को आरोपी रतनलाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 किलो 100 ग्राम चांदी के जेवरात बरामद किए गए। प्रकरण की विवेचना को आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम द्वारा राजस्थान क्षेत्र में भी लगातार प्रयास किए गए। 16 सितंबर 2026 को आरोपी सुराराम तथा 21 सितंबर 2026 को आरोपी सत्यनारायण उर्फ नैताराम को गिरफ्तार किया गया।

अब तक 8 आरोपी गिरफ्तार 14.125 किलो चांदी बरामद

लूट के इस प्रकरण में अब तक गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 08 हो गई है। जिसमें 1. प्रेमचन्द्र पिता महाराम कंजर, उम्र 20 वर्ष, निवासी जरैल, थाना सदर झालरापाटन 2. विक्रम पिता चौसरिया कंजर, उम्र 30 वर्ष, निवासी जरैल, थाना सदर झालरापाटन 3. सन्नी पिता मुकनिया कंजर, उम्र 35 वर्ष, निवासी रलायती, हाल जरैल, थाना सदर झालरापाटन 4. पुरीलाल पिता भेरूलाल तंवर, उम्र 42 वर्ष, निवासी महुवाखेड़ा, थाना भालता, जिला झालावाड़ 5. रतनलाल पिता पुरीलाल तंवर, उम्र 55 वर्ष, निवासी नीचा का खेड़ा, थाना भालता, जिला झालावाड़ 6. सुराराम पिता मंगलाराम बावरी, उम्र 31 वर्ष, निवासी सेंसड़ा, थाना पाडुकला, जिला नागौर 7. सत्यनारायण उर्फ नैताराम पिता झवरीलाल बावरी, उम्र 48 वर्ष, निवासी सैंसड़ा, थाना पादू कलां 8. रामेश्वरलाल उर्फ रमेश पिता रतनलाल सोनी, उम्र 49 वर्ष, निवासी जाटावास, थाना पादुकलां, जिला नागौर पुलिस ने बताया लूट के इस मामले में शेष आरोपियों एवं मशरुका की बरामदगी के लिए प्रयास जारी हैं। आगर पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल अन्य सह-आरोपियों की गिरफ्तारी एवं शेष लूटे गए मशरुका की शत-प्रतिशत बरामदगी के लिए लगातार साक्ष्य संकलन, तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर तंत्र एवं संभावित ठिकानों पर दबिश की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि चोरी, लूट एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में पुलिस की कार्रवाई प्रभावी एवं परिणाममूलक हो तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए मशरुका की अधिकतम बरामदगी सुनिश्चित की जाए। इसी दिशा में पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रकरण में नलखेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक शशि उपाध्याय के नेतृत्व में उनि दीपक विश्वकर्मा, प्रआर. 153 बालकृष्ण त्रिकार, आर. 227 संजय दांगी, आर. 246 रामप्रसाद दांगी एवं आर. 304 मेहरबान दांगी की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

सेवा सेतु अभियान के तहत जनसेवा शिविर आयोजित

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी, विभिन्न विभागों के लगाए स्टॉल



कानड़। सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा विशेष कार्यक्रम एवं जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध कराना था।शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी स्टॉल लगाए गए। इनमें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित शासन की अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही टीबी रोगियों के लिए निःशुल्क दवा वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने लाभ लिया।शिविर में राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनकी समस्याओं एवं आवेदनों को प्राप्त कर निराकरण की कार्यवाही की गई।कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद ओम पालीवाल, पार्षद प्रतिनिधि बने सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता कन्हैयालाल परमार, नायब तहसीलदार भागीरथ चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कस्बा पटवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने सेवा सेतु अभियान की सराहना करते हुए नागरिकों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। शिविर में नगर निकाय के कर्मचारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

गायत्री परिवार और पुलिस विभाग शामगढ़ द्वारा नशा मुक्ति रैली संपन्न

शामगढ़/ मंदसौर। गायत्री शक्तिपीठ शामगढ़ एवं पुलिस थाना शामगढ़ के माध्यम से गायत्री परिवार जिला मंदसौर एवं गायत्री परिवार के मंदसौर,सीतामऊ,खेजडिया, आलोट, चोमेला, रामगंज मंडी, नाहरगढ़, बोलिया, आकली शिवदास, कोटडी आखा,पिपलिया राठौर आदि शाखाओं के कार्यकर्ताओं और पुलिस थाना शामगढ़ द्वारा नगर शामगढ़ में बहुत ही शानदार संदेश देते हुए नशे की हानियां से व्यक्ति परिवार समाज देश में होने वाली हानियों, आर्थिक नुकसान, स्वास्थ्य की हानियां अनेक बीमारियां दुर्घटना घर-घर क्लेश बताते हुए सैकड़ो गायत्री परिवार के पीले वस्त्रधारी कार्यकर्ताओं द्वारा हाथ में पोस्टर बैनर दर्शाते एवं संदेश देते हुए पुलिस थाना शामगढ़ के लगभग सभी जवानों एवं अधिकारियों के द्वारा इस रैली में भागीदारी करते हुए संदेश दिया गया।

पशुपतिनाथ मंदिर के समीप छोटी पुलिया व नदी किनारे में सफाई अभियान चलाया

मंदसौर। वर्षा ऋतु की विदाई के बाद शिवना नदी में बहकर आए कचरे और पूजन सामग्री की सफाई के लिए रविवार को भी शिवना शुद्धिकरण अभियान के तहत श्रमदान किया गया । अभियान के 144वें दिन श्रमदानियों ने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के समीप छोटी पुलिया और नदी किनारे के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया ।



शिवना शुद्धिकरण अभियान के मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि विधायक विपिन जैन के नेतृत्व मे निरंतर चल रहे इस अभियान में आज रविवार को श्रमदानियों ने छोटी पुलिया के आसपास जमा गाद,गंदे कपड़े, प्लास्टिक कचरा,फूल-मालाएं और पूजा सामग्री को हटाया । नदी में पानी कम होने के बाद बीते दिनों विसर्जित की गई कुछ प्रतिमाएं भी बहकर नदी किनारे आ गई थी जिसे श्रमदानियों ने प्रतिमाओं को सम्मानपूर्वक उठाकर सुरक्षित स्थान पर रखा । इसके साथ ही घाटों की भी पानी से सफाई की गई । लाड़ ने आगे कहा कि शिवना को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए केवल सफाई अभियान पर्याप्त नहीं है,बल्कि नागरिकों को भी नदी में कचरा,पूजन सामग्री और अन्य सामग्री नहीं डालने के लिए जागरूक होना होगा । वैसे लगातार श्रमदान के माध्यम से नदी के घाटों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का प्रयास किया जा रहा है । श्री लाड़ ने सभी लोगों से प्रति रविवार प्रातः 7:00 बजे से 9:00 के बीच चलने वाले श्रमदान में सम्मिलित होने का आग्रह किया है । रविवार को श्रमदान करने वाले समाजसेवीयो में रमेश सोनी,हेमराज खाबिया, राकेश जैन पिंटू,बालकृष्ण दवे, महिला नेत्रियों



मे इष्टा भाचावत,रफत पयामी,राखी सत्रावाला, अनीता भदोरिया,कांग्रेसजन मे सादिक गोरी राजनारायण लाड़, विकास दशोरा,अजय सोनी, जयेश पालीवाल,कैलाश कुमावत अमलावद,साबिर इलेक्ट्रीशियन, रमेश कुमावत, महेश गुप्ता, दिलीप देवड़ा, राकेश सेन, आमीन खान, संजय बारोट आदि रहे मौजूद।



मेघवाल समाज का तृतीय परिचय सम्मेलन 25 अक्टूबर को मंदसौर में

मंदसौर । मेघवाल समाज विकास परिषद के नेतृत्व में मेघवाल समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 25 अक्टूबर 2026, रविवार को संजय गांधी उद्यान, मंदसौर में आयोजित किया जाएगा । सम्मेलन की तैयारियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर आज दशपुर कुंज, मंदसौर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए । बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, संचालन तथा आयोजन संबंधी कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख रूप से सम्मेलन की तिथि निर्धारण पर विचार-विमर्श किया गया, जिसके पश्चात सर्वसम्मति से 25 अक्टूबर 2026, रविवार को संजय गांधी उद्यान, मंदसौर में परिचय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया । बैठक में नागूलाल सूर्यवंशी (हेड साहब), शोभाराम सूर्यवंशी, राधेश्याम सिनम, रवि परमार, वकतराम राठौर, ढुर्गाशंकर सुनार्थी आदि रहे मौजूद।

भारतीय संस्कृति, कला और संस्कारों की प्रस्तुतियों से सजा प्रांतीय संस्कृति महोत्सव

430 भैया-बहनों व 68 संरक्षक आचार्य-दीदियों ने की सहभागिता





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरस्वती शिशु मंदिर नलखेड़ा में भारती भावना द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का रविवार को भव्य एवं गरिमामय समापन हुआ। महोत्सव में विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, कला, परंपरा एवं संस्कारों पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव में 7 विभागों के 15 जिलों से 430 भैया-बहनों तथा 68 संरक्षक आचार्य-दीदियों ने सहभागिता की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विद्या भारती के संगठन मंत्री योगेश शर्मा रहे। उनके साथ प्रांत प्रमुख नगरी शिक्षा सुंदरलाल शर्मा, क्षेत्रीय संयोजक संस्कृति बोध परियोजना अंबिका दत्त कुंडल, शिक्षा समिति नलखेड़ा के मनोज फाफरिया एवं विभाग समन्वयक शाजापुर सुरेंद्र जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर जितेंद्र महाजन का विशेष स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंबिका दत्त कुंडल ने किया। मुख्य अतिथि योगेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा,कला, संगीत और साहित्य नहीं है मनुष्य में, तो मनुष्य, मनुष्य नहीं है।उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति, कला, संगीत और साहित्य से जुड़े रहने का आह्वान किया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने एकल भजन, एकल अभिनय, तबला वादन, शास्त्रीय नृत्य एवं मानस प्रथमाक्षरी सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। वंशिका दलोदिया, हर्षिता पंवार एवं विवेक सिंह चौहान सहित अनेक प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। सरस्वती विद्यालय के प्रतिभागियों ने भी प्रभावशाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए।

मंदसौर में स्वच्छता पर मंडराया संकट, हडताल पर जाने से बिगड़ सकती है व्यवस्था

मांगों को लेकर आज से नपा कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नगर पालिका परिषद मंदसौर में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की 15 सूत्रीय वाजिब मांगों का लंबे समय से निराकरण न होने के विरोध में सफाई कर्मियों का आक्रोश अब चरम पर पहुंच गया है। शासन-प्रशासन के उपेक्षापूर्ण रवैये और चरणबद्ध प्रदर्शनों की अनसुनी से क्षुब्ध होकर प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत आज 5 अक्टूबर से मंदसौर नगरपालिका के लगभग 1200 से 1500 कर्मचारियों ने पूरी तरह से काम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। नगर के गांधी चौराहा पर चल रहे धरना स्थल पर कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में क्रमिक भूख हड़ताल भी निरंतर जारी है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था



पर गहरा प्रभाव पड़ने की संभावना बन गई है।

संगठन की हेमा कंडारे और विनोद खेरालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय वाल्मीकि सेना मार्शल कौम, नगरपालिका सफाई कर्मचारी एवं समस्त कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के बेनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर संतोष कल्याणे ने बीते 26 सितम्बर को मंदसौर के मंच से ही 5 अक्टूबर से प्रदेशव्यापी कामबंद हड़ताल का शंखनाद किया था। पदाधिकारियों का कहना है कि शासन द्वारा जायज मांगों को नजरअंदाज करने के कारण ही उन्हें यह कठोर कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा है और इससे उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन तथा शासन की होगी। कर्मचारियों का कहना है कि अपनी निष्ठा और अथक परिश्रम से शहर को साफ-सुथरा रखने वाले सफाई कर्मियों की अनदेखी अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय पर वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उन पर बैंक पेनल्टी और सिबिल स्कोर खराब होने का दोहरा संकट आन पड़ा है।

धरना स्थल पर डटे आंदोलनकारियों ने साफ किया है कि जब तक 10/20 साल वाले को नियमित करना, समानकार्य समान वेतन ठेका प्रथा, 100 पुरुष एवं 100 महिला सफाई कर्मचारियों की नई भर्ती, अनुकंपा नियुक्ति की त्वरित प्रक्रिया और कार्य समय के नियमन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक क्रमिक भूख हड़ताल और कामबंद आंदोलन पूरी मुस्तैदी से जारी रहेगा। इस आंदोलन को जिले और प्रदेश स्तर के अनेक सामाजिक व श्रमिक संगठनों का पुरजोर समर्थन प्राप्त हुआ है। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा, अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ, मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच, म.प्र. दैनिक वेतन भोगी कार्यभारित गैंगमैन एकता यूनियन (सीटू), अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन और अजाक्स सहित विभिन्न संगठनों ने कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए आंदोलन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई है। गांधी चौराहा पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान समाज के अध्यक्ष राजाराम तंवर, संयुक्त मोर्चा के प्रकाश तंवर, बालूसिंह, संतोष गोसर, विक्रम तंवर, मुकेश चनाल, विनोद खैरालिया, हेमा कन्डारे और मनीष घारू सहित विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारियों, समाजजनों और बड़ी संख्या में उपस्थित महिला व पुरुष सफाई कर्मचारियों ने एक स्वर में हुंकार भरी।

खबर संक्षेप

नौ दिवसीय भंडारे की तैयारियों को लेकर मंडल की बैठक संपन्न

देवास। माँ शिव शक्ति सेवा मंडल, देवास द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले नवदिवसीय भंडारे की तैयारियों को लेकर शनिवार को प्रयाग मैरिज गार्डन, मेंढकी चक, वाटर वर्क्स में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी नवदिवसीय महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले भंडारे की व्यवस्थाओं एवं आयोजन की तैयारियों को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मंडल के सदस्यों ने आयोजन को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, कार्य विभाजन तथा सदस्यों की सहभागिता को लेकर विचार-विमर्श किया। इस दौरान सभी सदस्यों से आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा भंडारे की व्यवस्थाओं में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। बैठक में महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया।

खाटू श्याम धाम में एकादशी महोत्सव कल

देवास। अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम में 6 अक्टूबर को एकादशी महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर खाटू नरेश का चंदन, केसर, चमेली, मोगरा, गुलाब सहित विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। बाबा को 56 भोग अर्पित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान भजन गायक हिमांशु विजयवर्गीय द्वारा कीर्तन के माध्यम से श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

चाकूबाजी के मुख्य और आदतन आरोपी पीयूष पर रासुका की कार्रवाई

हमला, मारपीट, धमकी सहित कुल 13 प्रकरणों में संलिप्त आरोपी को भेजा जेल

लोक-व्यवस्था बनाए रखने उद्देश्य से आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3(2) के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



देवास। शहर के चाणक्यपुरी मल्टी में हुई चाकूबाजी की घटना के मुख्य आरोपी एवं आदतन अपराधी पीयूष डिडवानी के खिलाफ पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत कार्रवाई की है। जिला दंडाधिकारी ऋतुराज सिंह द्वारा निरोध आदेश जारी किए जाने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल उज्जैन में निरुद्ध कराया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से ही विभिन्न थानों और आबकारी विभाग में कुल 13 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

सड़क पर खड़े रहने की बात को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस के अनुसार 29 सितंबर को चाणक्यपुरी मल्टी में सड़क पर खड़े रहने की बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की नीयत से चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद थाना सिविल लाइन पुलिस ने 30 सितंबर को विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान पीयूष डिडवानी की भूमिका सामने आने के बाद उसके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जानकारी जुटाई गई।

13 प्रकरणों में दर्ज है नाम

पुलिस के मुताबिक 19 वर्षीय पीयूष पिता राजेश डिडवानी निवासी बिहारीगंज, थाना कोतवाली के खिलाफ अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ कोतवाली थाने में आबकारी और जुआ संबंधी 9 प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा नाहर दरवाजा थाने में मारपीट, गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी और जुआ संबंधी 2 मामले दर्ज हैं। आबकारी वृत्त देवास में आबकारी का एक प्रकरण तथा थाना सिविल लाइन में प्राणघातक हमले का एक मामला दर्ज है। इस तरह कुल 13 प्रकरण उसके आपराधिक रिकॉर्ड में दर्ज बताए गए हैं।

रासुका के तहत भेजा जेल

पुलिस के अनुसार लोक-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा के उद्देश्य से आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई। जिला दंडाधिकारी देवास के समक्ष कार्रवाई का प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के बाद निरोध आदेश जारी किया गया। आदेश के पालन में पुलिस टीम ने पीयूष डिडवानी को गिरफ्तार किया और उसे केंद्रीय जेल उज्जैन में दाखिल कराया। मामले में विधि से संघर्षरत एक बालक को भी पुलिस द्वारा बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है। चाकूबाजी की घटना को लेकर पुलिस की विवेचना जारी है।

अपराधियों पर लगातार कार्रवाई

एसपीके निर्देशन में जिले में आदतन अपराधियों और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। चाणक्यपुरी की घटना के बाद मुख्य आरोपी पर रासुका की कार्रवाई को इसी अभियान का हिस्सा माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि लोक-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई में एएसपी शहर गजेंद्र सिंह वर्धमान, सीएसपी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक विजय सिंह लोधी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। उप निरीक्षक संजय सौराष्ट्रीय, सहायक उप निरीक्षक कमलपुरी गोस्वामी, प्रधान आरक्षक घनश्याम अर्जने, आरक्षक राहुल परमार, गबरूद्दीन, अरुण चावड़ा एवं महिला आरक्षक मोनिका उईके की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

32 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

घटन के बाद पति घर से फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के मल्हार तोडी क्षेत्र में रविवार को 32 वर्षीय नवविवाहिता प्रीति चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला घर की रसोई में फर्श पर बेसुध मिली थी। परिजनों के अनुसार उसके शरीर पर चोट के निशान भी थे। घटना के बाद से पति गोविंद चौहान फरार है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। बताया गया कि प्रीति का करीब डेढ़ वर्ष पहले गोविंद चौहान से विवाह हुआ था। शुरुआत में दोनों सास-ससुर के साथ रहते थे, लेकिन बाद में अलग रहने लगे। परिजनों के मुताबिक शनिवार रात पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। रविवार सुबह करीब 11 बजे भी दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद गोविंद घर से बाहर चला गया और बाहर से गेट लगा दिया। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने प्रीति के गाल, हाथ, गले और मुंह पर चोट के निशान होने की बात कही है। प्रीति के अंकल संजय कुमार सोलंकी ने बताया कि घटना से कुछ देर पहले करीब 10.30 बजे उनकी फोन पर प्रीति से बात हुई थी। उनके अनुसार प्रीति ने पति और अन्य लोगों से विवाद की बात बताई थी और कहा था कि उसकी साड़ी जला दी गई है। उन्होंने प्रीति को थाने जाकर शिकायत करने की सलाह दी थी। इसके कुछ देर बाद उसकी मौत की सूचना मिली। सीएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि महिला की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। पैनल के माध्यम से पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने घरेलू विवाद की जानकारी दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फरार पति की तलाश कर रही है।

सेवा सेतु अभियान के तहत भौरासा में लगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर परिषद भौरासा में रविवार को सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। नगर परिषद कार्यालय में सुबह 11 बजे आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपस्थित होकर नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए और कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया।कार्यक्रम में अनिल चावड़ा, संजय कुमार जोशी और जय सिंह राणा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। नगर परिषद कार्यालय से संबंधित कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 15 हितग्राहियों को मौके पर लाभान्वित करते हुए प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। वहीं चार हितग्राहियों को नगर परिषद की ओर से 5-5 हजार रुपए की अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की गई।शिविर में पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना के लाभार्थियों के प्रकरणों में बैंक द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा राजस्व, विद्युत, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई की।इस अवसर पर नायब तहसीलदार भौरासा ज्योति जाटव, नगर परिषद सीएमओ प्रमिला ठाकुर, बाबूलाल हेड़ा, रोहित जायसवाल, छोटू लाल लोधी, गुलरेज मदनी, नरबत यादव, मुकेश कुमावत, अश्विन जायसवाल, अजय यादव, नकुल अग्रवाल, राहुल मूंदड़ा सहित जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन अंतिम बोडाना ने किया।

गांजा खेती के खुलासे के बाद गंधर्वपुरी में जन चौपाल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



हाल ही में गंधर्वपुरी से करीब दो किलोमीटर दूर काछीगुराडिया क्षेत्र में एक खेत से 354 गांजे के पौधे बरामद होने और करीब 686.170 किलोग्राम गांजे की फसल जब्त किए जाने के बाद पुलिस ने क्षेत्र में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। शनिवार शाम पुलिस ने गंधर्वपुरी क्षेत्र में रेकी के बाद जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। एसपी पुनीत गेहलोत के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी जतिन लोहारिया के नेतृत्व में आयोजित चौपाल में लोगों को बताया गया कि गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थ युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने के साथ ही परिवारों में भी गंभीर सामाजिक समस्याएं पैदा कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि उनके आसपास कहीं भी नशीले पदार्थों का सेवन या अवैध बिक्री की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। जन चौपाल के दौरान पुलिस ने लोगों को साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को लेकर भी जागरूक किया। अनजान फोन कॉल, लिंक, ओटीपी और संदिग्ध ऑनलाइन लेन-देन से सावधान रहने की समझाइश दी गई। इस दौरान उनि. मानसिंह गामोड़, राजेश नायला, आरक्षक सुनील अलावा, संदीप सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

खेतों से मोटर, केबल व स्टार्टर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



खेतों से मोटर, केबल, स्टार्टर सहित अन्य सामग्री चोरी करने वाले दो आरोपियों को भौरासा पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार 12 जुलाई को नाजीर मुसलमान निवासी बड़ा मोहल्ला भौरासा ने खेत से मोटर और केबल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद 11 सितंबर को सोहन पाटीदार निवासी बड़ी चुरलाई, बरोठा ने खेत से मोटर, केबल एवं अन्य सामग्री चोरी होने की शिकायत की। वहीं 28 सितंबर को कुलाला निवासी मनोहर चौधरी ने घर में रखी चार लहसुन की कट्टियां चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामलों की जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज के आधार पर पुलिस ने कुनाल उर्फ संदीप हाड़ा (20) निवासी इलियासखेड़ी कंजर डेरा, थाना पीपलरावां तथा बलवंत उर्फ बलराम हाड़ा (28) निवासी इलियासखेड़ी कंजर डेरा को गिरफ्तार कर जलमोटर, तीन स्टार्टर, एक अन्य स्टार्टर और करीब 500 फीट केबल वायर सहित करीब 44 हजार रुपए का सामान जब्त किया। वहीं अपराध क्रमांक 411/2026 में चार लहसुन की कट्टियां, जिनकी कीमत करीब 25 हजार रुपए है, बरामद की गईं। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं। सभी मामलों में कुल जब्त मशरूका करीब 1 लाख 81 हजार रुपए बताया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी भौरासा अनीता सिंह, उनि पीसी सोलंकी, प्रधान आरक्षक महेंद्र राव, मन्नूलाल वर्मा, जितेंद्र तोमर, अभिषेक त्रिपाठी, अरुण एवं भूपेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सेवा सेतु अभियान में हितग्राही हुए लाभान्वित, विभागों ने लगाए स्टॉल



देवास। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रविवार को मल्हार स्मृति ऑडिटोरियम में सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' का आयोजन किया गया। मेगा शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं और आवेदनों का निराकरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, निगमायुक्त दलीप कुमार सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। अतिथियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।शिविर में उच्च शिक्षा, ऊर्जा, कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, नगरीय प्रशासन, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, वित्त, श्रम, सामाजिक न्याय, एमएसएमई, स्कूल शिक्षा तथा स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों ने सेवाएं दीं।आयोजित शिविर में कुल 751 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 590 हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। पीएम स्वनिधि के तहत 12 हितग्राहियों को ऋण सहायता, संबल योजना के 8, वृद्धावस्था पेंशन के 4, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 5 तथा मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन के 2 हितग्राहियों को लाभ दिया गया। वहीं 9 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, ब्रेल किट एवं सुगम्य केन तथा 3 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का लाभ मिला। विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत 9 विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए के स्वीकृति पत्र दिए गए।

17 साल देश सेवा के बाद गांव लौटे सैनिक का भव्य स्वागत



चापड़ा। भारतीय सेना में 17 वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होकर शुक्रवार को अपने गांव बामनखेड़ी लौटे सैनिक गोविंद सिंह राजपूत का चापड़ा में भव्य स्वागत किया गया। चापड़ा से बामनखेड़ी तक उन्हें खुली जीप में बैठाकर जुलूस निकाला गया। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों ने साफा बांधकर और पुष्पवर्षा कर सैनिक का स्वागत किया। सैनिक गोविंद सिंह राजपूत किसान परिवार से हैं। उन्होंने भारतीय सेना में रहते हुए 17 वर्षों तक देश की सेवा की। सेवानिवृत्ति के बाद पहली बार गांव लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसी अवसर पर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए सैनिक रघुनंदन यादव का भी चापड़ा नगर में स्वागत किया गया। दोनों सैनिकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगरवासियों और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर तेजसिंह सेंधव, जुगल धनगर, सुनील पुरोहित, बलवान सिंह सेंधव, मुकेश विश्वकर्मा, राजेश सिंह राजपूत, मुकेश पाटीदार, रविंद्र सिंह सेंधव, मुकेश जायसवाल, रवि पाटीदार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संपन्न 900 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार ट्रस्ट सोनकच्छ द्वारा विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास के उद्देश्य से 3 अक्टूबर को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा सोनकच्छ तहसील के सोनकच्छ, पिपलरावा और भोरासा क्षेत्र के 18 से अधिक विद्यालयों में आयोजित हुई, जिसमें करीब 900 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। गायत्री परिवार द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं धर्म से परिचित कराने के उद्देश्य से देशभर में यह परीक्षा आयोजित की जाती है। इसी क्रम में सोनकच्छ क्षेत्र में भी परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के सफल आयोजन पर सौभाग सिंह ठाकुर, रमेशचंद मेहता, सतीश चंद्र तिवारी, रूपसिंह मकवाना, शिवनारायण शर्मा, मुरलीधर झाला, रजत नामदेव एवं प्रवीण त्रिवेदी ने सहयोगी शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल, तीन साल से बंद पड़ी पानी की टंकी

ग्राम सभा नहीं होने पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



2 अक्टूबर को ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित की जानी थी, लेकिन ग्राम पंचायत पीपलपाटी में ग्राम सभा का आयोजन नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सभा आयोजित नहीं होने की सूचना भी उन्हें नहीं दी गई। इसके बाद ग्रामीणों ने पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों से उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन नियमित रूप से नहीं खुलता और जिम्मेदार कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने से उन्हें अपने काम के लिए बार-बार पंचायत के चक्कर लगाने पड़ते हैं। वहीं पीपलपाटी के चयड़ीपुरा में करीब तीन वर्ष पहले बनाई गई पानी की टंकी और पाइपलाइन अब तक शुरू नहीं हो पाई है। घरों तक नल कनेक्शन नहीं होने के कारण ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को दूर से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत क्षेत्र में करीब चार महीने पहले बनाई गई कांक्रीट सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में पंचायत सचिव हरिप्रसाद गोले ने सड़क खराब होने का कारण भारी वाहनों का आवागमन बताया। ग्रामीण गणेश यादव, मुक्रिश खाड़े, मुकेश कवछे, राठेश प्रताप, महेश निमकिया, चंदाबाई यादव और हरशन सहित अन्य ग्रामीणों ने पंचायत की कार्यप्रणाली, सड़क निर्माण और पेयजल योजना की जांच कराने की मांग की है।

सचिव बोले- सरपंच को सूचना दे दी थी

पंचायत सचिव हरिप्रसाद प्रजापत से फोन पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने ग्राम सभा के संबंध में सरपंच को सूचना दे दी थी और ग्रामीणों को बैठक की जानकारी देने के लिए कहा था। सचिव ने बताया कि वे स्वयं किसी बैठक के सिलसिले में बाहर हैं।

आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पितृ पक्ष के 16 श्राद्ध के अवसर पर गीता भवन में वृंदावन वाले भागवत आचार्य ऋचांश के सानिध्य में पितृ मोक्ष पुण्यकारी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के द्वितीय दिवस आचार्य ऋचांश ने श्रद्धालुओं को पितृ पक्ष में श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण का महत्व बताया। पंडित राधेश्याम एवं गोलू ठाकुर ने बताया कि पितृ पक्ष के दौरान स्वयं श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना अथवा अन्य भक्तों को कथा श्रवण करवाना अत्यंत पुण्यकारी और मोक्षदायक माना गया है। इससे पितरों को शांति, आत्मतृप्ति एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि पितरों के प्रभाव से कई पीढ़ियों से चले आ रहे कष्टों और पितृदोष से मुक्ति के लिए श्रद्धापूर्वक श्राद्ध कर्म करना महत्वपूर्ण है। इससे परिवार में सुख-समृद्धि और वंश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। आचार्य ऋचांश महाराज ने कहा कि तर्पण, पिंडदान, श्राद्ध कर्म एवं ब्राह्मण भोजन के साथ श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाए तो धार्मिक अनुष्ठान का पुण्य फल कई गुना बढ़ जाता है। इस अवसर पर कथा यजमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

चोकाबाग हत्याकांड, मुठभेड़ में घायल आरोपी पकड़ा तमंचा- कारतूस, नकदी और दो मोबाइल बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



कोतवाली पुलिस ने भूपेंद्र उर्फ छोटू अहिरवार हत्याकांड में वांछित चल रहे आरोपी रोली उर्फ प्रताप उर्फ प्रहलाद रजक को रविवार को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में हिरासत में लेकर जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध देशी तमंचा, खोखे व जिंदा कारतूस, 805 रुपये नकद तथा वीवो और ओप्पो के दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की तलाश और वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चौकाबाग निवासी भूपेंद्र उर्फ छोटू अहिरवार की हत्या का वांछित आरोपी रावतयाना चौकाबाग निवासी रोली रजक पुत्र कल्लू उर्फ कल्याण रजक हवाई पट्टी की ओर जाने वाले रास्ते पर शीशम के पेड़ के पास छिपा है और वहां से भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा। पुलिस के अनुसार पकड़े जाने के डर से आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। गोली प्रभारी निरीक्षक की कनपटी के पास से होकर निकली। पुलिस टीम ने आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, लेकिन आरोपी ने दोबारा पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस के अनुसार आत्मरक्षा में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, उपनिरीक्षक आलोक सिंह और उपनिरीक्षक अभिषेक पवार ने जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी और वह घायल होकर मौके पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में लिया और उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम में निरीक्षक जनार्दन यादव, उपनिरीक्षक प्रवीण दांगी समेत अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। मौके पर पहुंची फील्ड यूनिट टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य भी संकलित किए।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में घायल आरोपी रोली रजक ने भूपेंद्र उर्फ छोटू अहिरवार हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने अपने साथियों अजय अहिरवार, करण कुशवाहा, पंकज सहरिया और नरेन्द्र कुशवाहा के साथ मिलकर 28 सितंबर 2026 की रात चौकाबाग कलारी के बाहर भूपेंद्र उर्फ छोटू अहिरवार पर लात-घूंसों, पत्थरों और चाकू से हमला किया था, जिसमें उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मुकदमे में रोली रजक वांछित चल रहा था। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी तमंचा बरामद किया। इसके अलावा चैम्बर में फंसा एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और एक अन्य खोखा कारतूस भी मिला। आरोपी के पास से 805 रुपये नकद तथा वीवो और ओप्पो कंपनी के दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने मुठभेड़ के संबंध में कोतवाली में आरोपी के खिलाफ धारा 109 बीएनएस एवं धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अलग मुकदमा दर्ज किया है। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई और पूछताछ की जा रही है।

सदस्यता को 3 श्रेणियों में बांटने पर सहमति

बुंदेलखंड जागृति मंच ने सदस्यता अभियान में पदाधिकारियों को ब्लॉकों की जिम्मेदारी सौंपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुंदेलखंड जागृति मंच की मासिक बैठक रविवार को ग्राम बंट स्थित च्यवन आश्रम के पीछे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी आर.पी. निरंजन ने की, जबकि संचालन शिक्षक दिनेश राजपूत ने किया। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों एवं विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए पदाधिकारियों को अलग-अलग ब्लॉकों की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में बुंदेलखंड जागृति मंच के सदस्यता अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। सर्वसम्मति से सदस्यता को तीन श्रेणियों में विभाजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें प्रथम श्रेणी सदस्य, द्वितीय श्रेणी विशेष सदस्य और तृतीय श्रेणी सक्रिय सदस्य शामिल हैं। पदाधिकारियों ने सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर चलाने तथा संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। बैठक के दौरान संगठन की आगामी रूपरेखा और विभिन्न क्षेत्रों में गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

पदाधिकारियों से उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन सक्रियता एवं समन्वय के साथ करने का आह्वान किया गया। बैठक में बुंदेलखंड जागृति मंच संरक्षक मंडल से संजय श्रीवास्तव (प्रशांति), रामशरण निराला बाबूजी (वरिष्ठ समाजसेवी), प्रबंधक डा. रक्षपाल सिंह, अध्यक्ष नीरज जैन कमरेड, मंजीत सिंह सरदार, इन्द्रपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार जाटव, रामचंद्र यादव, हरीश कुशवाहा, रामदयाल साहू दाऊ, राजा अमर सिंह बुंदेला, केपी राजपूत एड., बालक दास (शिक्षक), गिरजेश रैकवार सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। अंत में अध्यक्ष आर.पी. निरंजन ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

तालबेहट पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम सुनौरी मजरा खैरा में घरेलू विवाद के दौरान पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने विवाद के दौरान घर में रखी हसिया से पत्नी के सिर पर वार किया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कथित आला कत्ल हसिया तथा खून लगे कपड़े बरामद किए हैं। ग्राम सुनौरी मजरा खैरा निवासी कृपाल सिंह पुत्र रघुवीर यादव का 2 अक्टूबर की रात घरेलू काम-काज को लेकर अपनी पत्नी गीता से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद बढऩे पर कृपाल सिंह ने गुस्से में आकर घर में रखी हसिया से गीता के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण गीता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में वादी शिवराज सिंह की तहरीर के आधार पर थाना तालबेहट में दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। गिरफ्तार आरोपी कृपाल सिंह ने पूछताछ में बताया कि 2 अक्टूबर की रात घरेलू काम-काज



को लेकर उसका पत्नी गीता से विवाद हुआ था। विवाद बढऩे पर उसने गुस्से में घर में रखी हसिया से पत्नी के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। तालबेहट पुलिस ने आरोपी के कब्जे से आला कत्ल हसिया, जिस पर खून लगा हुआ था, तथा खून लगी शर्ट और लोवर बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को 4 अक्टूबर को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र मिश्रा थाना तालबेहट पुलिस टीम के साथ शामिल रहे।

सूची में दर्ज करने के लिए विशेष अभियान शुरू, कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य से होगी पंजीकरण प्रक्रिया

ललितपुर । अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार में निर्वाचक नामावलियों के निरंतर पुनरीक्षण-2026 का कार्य तेजी से जारी है। इसका मुख्य उद्देश्य ईपी रेशियो, जेंडर रेशियो बढ़ाना तथा ₹कोई मतदाता न छूटे के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने बताया है कि महिला कल्याण, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा, दिव्यांगजन, ग्राम्य विकास एवं युवा कल्याण विभागों के सहयोग से सभी पात्र नागरिकों के नाम सूची में दर्ज करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया। कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा, छूटे हुए नागरिक, बेघर, दिव्यांगजन एवं महिलाएं नया नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भर सकते हैं। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार के संशोधन या स्थान परिवर्तन के लिए फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। नागरिक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन के लिए अपने बूथ के बूथ लेवल ऑफिसर या संबंधित निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म जमा किया जा सकता है।

सिंघई परिवार धौर्रा ने किया आयोजन

पर्युषण पर्व की संपन्नता पर भक्तामर पाठ और बुंदेली भोज, उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अहिंसा परमो धर्म और परस्परोपग्रहो जीवानाम के पावन संदेश के साथ पर्वराज पर्यूषण पर्व की सम्पन्नता के उपलक्ष्य में समस्त सिंघई परिवार, धौर्रा की ओर से श्रीभक्तामर के दिव्य पाठ एवं बुंदेली स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया। देवगढ़ रोड स्थित 218 सिविल लाइन, पुराने आरएमएस कार्यालय के पास सिंघई परिवार के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, गणमान्य नागरिकों, व्यापारी वर्ग और समाज के लोगों ने सहभागिता की। शुरुआत सुबह 8 बजे श्रीभक्तामरजी के दिव्य पाठ से हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्तामर स्तोत्र का पाठ कर धर्मलाभ लिया। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे से बुंदेली स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों, संत समाज, व्यापारियों और केमिस्ट बंधुओं सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के माध्यम से जैन दर्शन के संदेश कम आसक्ति, कम इच्छाएं, अधिक जागरूकता और हर जीव के प्रति करुणा को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में धर्म के साथ सामाजिक सरोकारों और आपसी सद्भाव की झलक भी देखने को मिली।

अध्यक्षता जिला केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष संभव सिंघई पत्रकार ने की। उन्होंने कहा कि उद्देश्य केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि धर्म, सेवा और समाज को एक-दूसरे से जोडऩा भी है। पर्यूषण पर्व हमें आत्मचिंतन का संदेश देता है। सच्ची जीत किसी दूसरे को हराने में नहीं, बल्कि अपने भीतर के लोभ, क्रोध और मोह पर विजय प्राप्त करने में है। आयोजन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। मुख्य रूप से सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व एमएलसी प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ व्यापारी नेता कैलाश नारायण ड्योडिया, आबकारी निरीक्षक अन्विता तिवारी, शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेंद्र गोस्वामी, अरविंद नेता, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश देवलिया, नेमवि प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री, प्रदीप चौबे, बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू, कैलाश अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार राहुल जैन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इसके अलावा व्यापार मंडल प्रांतीय चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष विजय जैन, महामंत्री अमित सोनी, पूर्व महामंत्री रवि जैन चुनगी, उद्योग मंच के कमलेश सराफ, शैलेंद्र सिंघई, मनीष सडैया, डा.संजीव कडकी, भारत विकास परिषद पदाधिकारी, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष नवनीत किलेदार, समित समैया, समाजसेवी वीके सरदार, संदीप सराफ लालू, जैन वीर व्यायामशाला संरक्षक विजय पहलवान, अध्यक्ष राहुल सिंघई, नरेंद्र कडंकी, गौरव चौधरी, भगतसिंह, नवीन समैया, अमित लखेरा सहित व्यापारी, अधिवक्ता, और केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए। आयोजन के प्रेषक एड.वीरेंद्र कुमार सिंघई (नोटरी पब्लिक, पूर्व सदस्य किशोर न्याय बोर्ड), ई.सुरेंद्र कुमार सिंघई (सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता, सीपीडब्ल्यूडी) एवं संभव सिंघई रहे। सिंघई परिवार की ओर से कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया। आयोजन के अंत में समस्त सिंघई परिवार, धौर्रा की ओर से अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया।

मड़ावरा पुलिस की मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस ने 3 किलो गांजा के साथ पति-पत्नी को गिरफ्तार कर बाइक व नकदी भी बरामद की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना मड़ावरा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पति-पत्नी को 3 किलो 111 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजे के अलावा दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन, 6,300 रुपये नकद और एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की है।

दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक महिला और पुरुष मोटर साइकिल से गिरार की ओर से मड़ावरा होते हुए महरौनी की तरफ जा रहे हैं। उनके पास बड़ी मात्रा में अवैध गांजा होने की सूचना पर पुलिस ने क्षेत्राधिकारी मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि को अवगत कराया। इसके बाद पुलिस टीम ने ग्राम रनगांव स्थित हंसरी तिराहे के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान संदिग्ध मोटर साइकिल सवार पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर लखन अहिरवार के खेत के सामने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान ग्राम सतवांसा निवासी जगदीश प्रसाद दुबे पुत्र रामगोपाल दुबे तथा उसकी पत्नी रीना के रूप में हुई।

पुलिस ने क्षेत्राधिकारी मड़ावरा की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान जगदीश प्रसाद के कब्जे से 2 किलो 103 ग्राम तथा उसकी पत्नी रीना के कब्जे से 1 किलो 008 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा 3 किलो 111 ग्राम बताया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 24 हजार रुपये है। इसके अलावा जगदीश के पास से 1,100 रुपये और रीना के पास से 5,200 रुपये, कुल 6,300 रुपये नकद तथा एक वीवो और एक रियलमी कंपनी के दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बजाज प्लेटिना मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 एक्स 0043 को भी कब्जे में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह गांजा बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। हालांकि पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों को गांजा कहां से प्राप्त होता था और इसे आगे किन लोगों को सप्लाई किया जाना था। मामले में थाना मड़ावरा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत अभियोग पंजीकृत किया है।

स्वच्छता ही सेवा है, एक कदम स्वच्छता की ओर

नेहरू महाविद्यालय के कैडेट्स ने साइकिल रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 56 यूपी एनसीसी बटालियन झाँसी के आवाहन पर नेहरू डिग्री कॉलेज ललितपुर के कैडेट्स ने स्वच्छता जागरूकता साइकिल रैली निकाली। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा प्राचार्य के साथ प्रो अनिल सूर्यवंशी एवं उळड डॉ जगवीर सिंह ने भी इस साईकिल रैली में हिस्सा लिया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा - स्वच्छता केवल आदत नहीं, संस्कार है। कैडेट्स अनुशासन और सेवा के प्रतीक हैं, इनके द्वारा दिया गया स्वच्छता का संदेश समाज में निश्चित रूप से बदलाव लाएगा। रैली शहर के प्रमुख मार्गों - कॉलेज परिसर से होते हुए घंटाघर, स्टेशन रोड और बाजार क्षेत्र से गुजरी। हाथों में स्वच्छता ही सेवा है, एक कदम स्वच्छता की ओर जैसे नारों की तख्तियां लिए कैडेट्स ने लोगों से अपने घर और आस-पास सफाई रखने की अपील की। कैडेट्स ने रास्ते में जगह-जगह सफाई भी की। साइकिल रैली का समापन कॉलेज परिसर में ठउउ गीत के साथ हुआ।कार्यक्रम के अंत में डॉ. जगवीर सिंह ने कहा कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे और उन्होंने प्राचार्य जी, समस्त स्टाफ और सभी कैडेट्स का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में कैडेट्स उपस्थित रहे।- 56 बटालियन की जय, भारत माता की जय!

क्षत्रिय समाज ने की शोकसभा, दिवंगत निकिता राजे को दी श्रद्धांजलि

समाज में व्याप्त कुरीतियों का दमन व शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में शोक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रदेशाध्यक्ष प्रताप सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में आयोजित सभा में शिवम सिंह बैस तेरावालों की धर्मपत्नी निकिता राजे के अल्पायु में हुए आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों और अनावश्यक सामाजिक खर्चों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। राठ, हमीरपुर से आए सत्यनारायण सिंह परिहार ने कहा कि वर्तमान समय में मृतक भोज को अत्यधिक बड़ा रूप दिया जा रहा है, जो उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि उन्होंने भी अपनी माता के निधन पर मृतक भोज आयोजित नहीं किया था। इसके बजाय वह उनकी पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह परमार ने कहा कि समाज को कुरीतियों के दमन के साथ-साथ शिक्षा की मुख्यधारा से जोडऩे की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक विकास के लिए शिक्षा और जागरूकता को प्राथमिकता देना जरूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से आए अमर सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में माता-पिता की सेवा को परम धर्म माना गया है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को त्यागने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

सभा में बैस परिवार की ओर से भी दिवंगत निकिता राजे के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि असमय निधन से परिवार और समाज को गहरा आघात पहुंचा है। सभी ने परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने तथा दिवंगत आत्मा को शांति देने की प्रार्थना की। शोक सभा में सत्यनारायण सिंह परिहार, प्रताप सिंह गौर, टीएस ठाकुर, प्रताप सिंह बुंदेला, आदिनारायण मिश्रा, अमर सिंह गौर, धर्मेंद्र सिंह परमार, अरुण कुमार सिंह, दामोदर साहू, जीतू राजा, गोविंद सिंह बुंदेला, राघवेंद्र सिंह बघेल, राजेंद्र सिंह राजावत, जहर सिंह बैस, अरिमर्दन सिंह, मुन्नू राजा, हरनाम सिंह तोमर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेंद्र राजा बुंदेला, श्रीनारायण पांडे, पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला, गंगाराम साहू, शिव प्रताप सिंह परिहार, नीरज द्विवेदी, सुनील सिंह ठाकुर, भारतसिंह चौहान, देवी सिंह, राकेश मिश्रा, जितेंद्र सिंह सेंगर, सुदामा प्रसाद तिवारी, हरिनारायण पटेल, संतोष कुशवाहा, हरिओम राजपूत, चक्रेश साहू, श्याम बिहारी, पुरुषोत्तम अहिरवार, रघुवीर सिंह यादव, राकेश तिवारी, जानकी नामदेव, लक्ष्मण सिंह, रामस्वरूप रजक सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

अनुदान के लिए 7 से 20 तक ऑनलाइन बुकिंग

किसानों को मिलेगा अवशेष कृषि यंत्रों व कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान का लाभ

ललितपुर। किसानों के लिए कृषि यंत्रीकरण से जुड़ी योजनाओं के तहत अनुदान पर कृषि यंत्र प्राप्त करने का अवसर है। कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अवशेष कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया सात अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शुरू की जाएगी। इच्छुक किसान 20 अक्टूबर 2026 की रात 12 बजे तक ऑनलाइन बुकिंग करा सकेंगे। कृषि विभाग के अनुसार किसानों को कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन, फसल अवशेष प्रबंधन, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन सहित विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया है। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को कृषि कार्यों में आधुनिक मशीनरी एवं कृषि रक्षा उपकरणों के उपयोग के लिए अनुदान दिया जाएगा। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए 10 लाख रुपये तक की परियोजना, फार्म मशीनरी बैंक के लिए 10 लाख रुपये तक की परियोजना, किसान ड्रोन तथा अन्य एकल कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग की जा सकेगी।

इसी प्रकार फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत एकल कृषि यंत्रों के साथ ही 30 लाख रुपये तक के कस्टम हायरिंग सेंटर तथा 100 लाख रुपये तक के एग्रीगेटर के लिए भी आवेदन किया जा सकेगा। विभागीय योजनाओं के तहत त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम में मेज सेलर, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत मिलेट पार्लर तथा विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों के माध्यम से कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए कृषि रक्षा यंत्रों पर भी अनुदान का प्रावधान है। कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के इच्छुक किसान विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन जनपदवार बुकिंग कर सकेंगे। इसके लिए पोर्टल पर किसान कॉर्नर में जाकर यंत्र बुकिंग प्रारम्भ लिंक पर क्लिक करना होगा। किसान अपनी पात्रता के अनुसार संबंधित कृषि यंत्र का चयन कर ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। विभाग ने किसानों से निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन बुकिंग कराने की अपील की है। कृषि यंत्रों, बुकिंग प्रक्रिया तथा अनुदान से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। किसी प्रकार की समस्या अथवा अतिरिक्त जानकारी के लिए किसान उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

अस्पताल, आंगनबाड़ी का निरीक्षण

कलेक्टर ने अधीनस्थों को प्रदान किए आवश्यक दिशा-निर्देश



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संवासी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उप स्वास्थ्य केंद्र में ईएनसी पंजीयन सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध आवश्यक दवाइयों, जांच सुविधाओं, साफ-सफाई तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने तथा अभिलेखों का नियमित रूप से संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, केंद्र की व्यवस्थाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं को शासन की योजनाओं और सेवाओं का प्रभावी लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप शासकीय सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच सुनिश्चित करते हुए आमजन की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

मुखबिर की सूचना पर बनाई विशेष टीम ने की कार्रवाई, पुलिस की बड़ी

उड़ीसा से हरियाणा ले जाया जा रहा 50 किलो अवैध गांजा पकड़ाया, 11 लाख का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



कोतवाली पुलिस के खाते में फिर एक बड़ी सफलता दर्ज हुई है। मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर की गई घेराबंदी में एक व्यक्ति की कार से 50 किलो गांजे की खेप पकड़ाई है। दिल्ली के व्यक्ति द्वारा इस अवैध गांजे को उड़ीसा से हरियाणा ले जाया जा रहा था लेकिन कोतवाली पुलिस ने उसे राजगढ़ में धर-दबोचा। टीआई मंजू मखेनिया ने बताया कि आरोपी के कब्जे से गांजा परिवहन में प्रयुक्त कार सहित कुल 11 लाख रुपए कीमत का मशरुका जब्त किया गया है।

मुखबिर की सूचना पर बनाई गई विशेष टीम

थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की मारुति सुजुकी कार में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ब्यावरा से राजगढ़ की ओर आ रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़ निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया द्वारा पुलिस टीम गठित कर दण्ड जोड़ के पास रवाना किया गया, जहां पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग प्रारंभ की गई। कुछ समय पश्चात मुखबिर द्वारा बताए हुलिए एवं वाहन के अनुसार सफेद रंग की उक्त कार राजगढ़ की ओर आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर कार चालक द्वारा वाहन रोककर गेट खोलकर भागने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं प्रभावी घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

कार की डिक्की में छिपा रखा था माल

पुलिस टीम द्वारा उक्त कार की विधिवत तलाशी लेने पर कार की डिक्की एवं सीट के पीछे रखे कट्टों से कुल 50.860 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख है। साथ ही गांजा परिवहन में प्रयुक्त सफेद रंग की मारुति सुजुकी को भी जब्त कर लिया गया। इस प्रकार कुल 11 लाख का माल जब्ती में लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

साउथ दिल्ली के निवासी है आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोत एवं उसके परिवहन से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपी भीमसिंह पिता रेशमपाल जाति ढीमर, उम्र 40 वर्ष साउथ दिल्ली का निवासी है। यह माल आरोपी भीमसिंह ने उड़ीसा से किससे खरीदा और हरियाणा में किसे सप्लाई करने जा रहा था, इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। माल को पकड़ने बनाई गई विशेष टीम में टीआई मखेनिया सहित आरआई दीपक रघुवंशी, जीतेंद्र अजनारे, प्रवीण जाट, शादाब खान, ललित सौंधिया, प्रवीण यादव, रवि मौर्य, सुभाष द्विवेदी, विकास राठौर, नरेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश अहिरवार, मोईन खान, आरक्षक मोहित परमार, रवींद्र जाट, अर्जुन भील, मुकेश मीणा शामिल रहे।

जन समस्या निवारण शिविर

शिविर में उठी समस्या, 10 साल से नहीं है माना गांव का राजस्व नक्शा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

समस्याओं का तत्काल निराकरण ही शिविर का उद्देश्य

समीपस्थ ग्राम माना में शनिवार को सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जनपद स्तरीय 'सेवा सेतु अभियान आपकी सरकार आपके द्वार' जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन परिसर में किया गया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों और क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा के समक्ष रखीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में ग्राम माना के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले करीब 10 वर्षों से गांव का राजस्व नक्शा उपलब्ध नहीं होने के कारण सीमांकन और भूमि संबंधी विवादों में परेशानी आ रही है। इस पर एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि नए राजस्व नक्शे को लेकर कार्रवाई जारी है।

इसी तरह ग्राम माना में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन परिसर में लगे ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने की समस्या ग्रामीणों ने रखी। वहीं ग्राम पीलूखेड़ी में 33 केवी विद्युत लाइन की ऊंचाई कम होने से दुर्घटना की आशंका की शिकायत सामने आई। विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को दोनों मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन से संबंधित समस्याएं भी ग्रामीणों ने रखीं। विधायक ने जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अर्जरिया को हितग्राहियों के नाम दर्ज कर उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

विधायक मोहन शर्मा ने अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर दूर-दूर से शिविर में आते हैं। इसलिए जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए, तभी शिविर लगाने का उद्देश्य सार्थक होगा। उन्होंने विभागवार अधिकारियों से समस्याओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम प्रभारी राधेश्याम पचवारिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई,कैलाश राज, सहित अन्य ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, बीएमओ डॉ. राजेंद्र अहिरवार, सरपंच अरविंद पटेल, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह बना, मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, मंडल अध्यक्ष रवि मीणा, महामंत्री गुड्डू जाटव, भंवरलाल कलमोदिया, मोहित चंद्रवंशी, रामेश्वर आचार्य, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना, गोपाल राठौर, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनोखी लाल कोटिया, सुनील सक्सैना, सरपंच फूल सिंह चैधरी, एल्डरमैन प्रतिनिधि धीरज भावसार, आनंद वर्मा, जितेंद्र सेन, घनश्याम चंद्रवंशी, सोनू कलमोदिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गुटखा पाउच के 200 रुपए मांगने पर विवाद

मारपीट में तीन घायल, बीच-बचाव करने वाला गंभीर, रेफर

सारंगपुर। शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे गोपालपुरा क्षेत्र में गुटखा पाउच के 200 रुपए के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। इनमें बीच-बचाव करने वाले युवक को गंभीर चोट आने पर शाजापुर रेफर किया गया है। जहां से उसे इंदौर रेफर किया।



जानकारी के अनुसार गोपालपुरा निवासी निखिल नायक चाय-पाउच की दुकान संचालित करता है। अनिल पिता कमल नट (30) निवासी राधानगर कॉलोनी, जो मजदूरी करता है, ने पूर्व में निखिल की दुकान से पाउच खरीदा था। निखिल द्वारा इसके 200 रुपए मांगे जाने पर अनिल ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई।विवाद के दौरान अनिल के पिता कमल नट और उसकी बहन भी मौके पर पहुंच गए। वहीं निखिल के दोस्त आयुष अस्थाना, हेमंत जाटव और श्रीकांत विश्वकर्मा भी वहां मौजूद थे। उन्होंने बीच-बचाव का प्रयास किया। इस दौरान अनिल नट, उसके पिता कमल नट और श्रीकांत विश्वकर्मा घायल हो गए। श्रीकांत को गंभीर चोट लगने पर शाजापुर रेफर किया गया था हालत गंभीर होने पर शाजापुर से इंदौर रेफर किया।जबकि अनिल और कमल का उपचार सारंगपुर सिविल अस्पताल में जारी था।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पचोर पहुंचे अर्बन डेवलपमेंट चीफ इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के चीफ इंजीनियर आनंद सिंह ने पचोर जल प्रदाय योजना के अंतर्गत हेडवर्क, फ्लोटिंग पोंटून साइट एवं समेली ग्राम के समीप एन एच आई क्रॉसिंग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान रॉ-वाटर पाइपलाइन बिछाने में आ रही तकनीकी एवं व्यावहारिक कठिनाइयों पर स्थल पर ही विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान योजना के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों, विशेषकर रॉ-वाटर पाइपलाइन के शेष कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। आनंद सिंह ने सभी संबंधित पक्षों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने तथा शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पीआईयू भोपाल के परियोजना प्रबंधक सुबोध कुमार जैन सहित परियोजना प्रबंधन सलाहकार एवं कार्य एजेंसी के संविदा कार के प्रतिनिधि उपस्थित



आर्यरक्षित तीर्थ धाम पर प्रवर्तक धैर्यचन्द्र सागर के भगवती सूत्र के योगोद्वहन प्रवेश के लिए अनुष्ठान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मंदसौर। रविवार को आचार्य अशोक सागर सूरीश्वर म.सा., आचार्य सागरचन्द्र सागरसूरीश्वर की पावन प्रेरणा व निश्रा में श्री जैन भागवती सूत्र के योगोद्वहन प्रवेश का अनुष्ठान-कार्यक्रम आयोजित किया गया। 36 वर्ष पूर्व संयम जीवन ग्रहण करने वाले प्रवर्तक मुनिश्री धैर्यचन्द्र सागर म. सा. जैन भागवती सूत्र शास्त्र जिसमें 36 हजार प्रश्नोत्तर है। उसका वाचन करने की पात्रता प्राप्त करने हेतु निरंतर 6 माह तक आयंबिल तप की आराधना करते हुए प्रतिदिन धार्मिक क्रियाये करेंगे। प्रवर्तक श्री धैर्यचन्द्रसागर म. सा. को उक्त शास्त्र वाचन करने की जैन धर्म व दर्शन में जो पात्रता बतायी है उसे ही योगोद्वहन कहते हैं। कल श्री आर्यरक्षित तीर्थ धाम चन्द्रपुरा में योगोद्वहन का कार्यक्रम 6 जैनाचार्यो एवं जैन साधु-साध्वियों व बड़ी संख्या में उपस्थित श्रावक श्राविकाओं द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के निमित्त पुरे तीर्थ क्षेत्र में रंग बिरंगों रंगों से रंगोली सजायी गयी। प्रवचन मंडप की विशेष साज सज्जा की गयी। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मुकेश खमेसरा ने 21 प्रकार की सब्जियों व फलों से जीव दया रंगोली तैयार की जो कार्यक्रम के आकर्षण का केन्द्र बनी। जैन आचार्य सागरचन्द्र सागर म. सा. ने कहा कि 45 जैन आगमो में भगवती सूत्र सबसे बड़ा आगम (शास्त्र) है। यह शास्त्र प्राकृत व संस्कृत के मेल से बनी अर्द्ध मागधी भाषा में है। इसमें 36 हजार प्रश्न व 36 हजार उनके उत्तर है। जैन धर्म व दर्शन में कोई साधारण गृहस्थ या साधु - साध्वी इस शास्त्र का वाचन नहीं करता है। इस शास्त्र के वाचन के लिये साधु - साध्वी के लिये 6 माह की क्रियाये बतायी है। प्रतिदिन 6 माह तक केवल एक समय समय स्वाद रहित आहार (आम्बिल) करते हुए 6 माह तक धार्मिक क्रियाये करना जरूरी है। तभी उक्त शास्त्र पढ़ने की पात्रता आती है। आज प्रवर्तक धैर्यचन्द्र सागर का इस शास्त्र पढ़ने की पात्रता हेतु प्रवेश हो रहा है। धैर्यचन्द्र सागरजी ने 1990 में पालीताणा गुजरात में संयम जीवन ग्रहण किया था।

चोर बावड़ी की सफाई की



माचलपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल माचलपुर द्वारा शुक्रवार को नगर की प्राचीन चोर बावड़ी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बावड़ी परिसर में जमा कचरा, गंदगी एवं अन्य अवशेषों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान करीब दो घंटे तक चला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्रमदान करते हुए बावड़ी परिसर की साफ-सफाई की तथा आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ बनाया। अभियान का उद्देश्य ऐतिहासिक एवं सार्वजनिक महत्व के स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के साथ नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा।अभियान में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, मंडल भाजपा अध्यक्ष अमिता मंडलोई, सांसद प्रतिनिधि मदन सिंह पटेल, राकेश मारू, मनीष अग्रवाल, सुजान सिंह गुर्जर, शिव गुजराती, गोपाल सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तहसीलदार ने सौंपा प्रमाण-पत्र

विकास खटक बने सुल्तानिया के नए सरपंच



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सुल्तानिया में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव की मतगणना शनिवार को तहसील कार्यालय में संपन्न हुई। मतगणना में विकास खटक ने सर्वाधिक 493 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद तहसीलदार कपिल शर्मा ने उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित पुलिस बल तहसील कार्यालय में मौजूद रहा। सुल्तानिया पंचायत में पूर्व सरपंच के जिला बदर होने और पद से पृथक किए जाने के बाद सरपंच पद रिक्त हो गया था। इसके बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 29 सितंबर 2026 को सरपंच पद के लिए आम उपचुनाव कराया गया। चुनाव में कुल आठ प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। मतदान प्रक्रिया के दौरान कुल 1679 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। शनिवार को तहसील कार्यालय में मतगणना शुरू होने के बाद प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में परिणाम को लेकर उत्सुकता बनी रही। मतगणना में विकास खटक को 493, राजू वर्मा को 416, बने सिंह को 372, दिनेश कुमार बागरी को 139, शिवनारायण को 92, बृजमोहन को 67, ललिता बाई मालवीय को 56 और नारायण को 32 मत प्राप्त हुए। वहीं नोटा में 12 मत पड़े।तहसीलदार कपिल शर्मा ने सरपंच को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

मप्र के 10 संभाग की टीम लेंगी भाग

70वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन मंदसौर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

70वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में व संयोजक केसी सोलंकी प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय के निर्देशन में उत्कृष्ट विद्यालय में बैठक संपन्न हुई। 70वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन मंदसौर में होने जा रहा है।

प्रतियोगिता के संयोजक सोलंकी प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर ने बताया कि प्रतियोगिता 6 से 10 अक्टूबर तक होगी। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 10 संभाग की 10 टीमें भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता 14 वर्ष बालक समूह की आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में कुल 180 खिलाड़ी और 35 ऑफिशियल भाग लेंगे। प्रतियोगिता में मैच शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल परिसर में एवं टर्फ मैदान एम आई टी चौराहा पर होंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कार्य हेतु 16 समितियों का गठन किया गया है जिसमें संयोजक, सह संयोजक एवं सदस्य नियुक्त किए गए हैं। खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल हेतु आवास की व्यवस्था उत्कृष्ट बालक छात्रावास डाइट परिसर में की गई है। खिलाड़ियों, ऑफिशियल एवं अन्य की जानकारी हेतु शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में कंट्रोल रूम बनाया गया है। मालवा के गौरव के अनुसार टीमों की मेजबानी हो। सभी टीमें आपसी समन्वय के साथ काम करें। खिलाड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पहले से समिति के सभी सदस्यगण, अपने अपने दायित्व का ठीक से निर्वहन करने के लिए कार्य करना शुरू करें। उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य केसी सोलंकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी जीएल जोगचंद और प्राचार्य सुदीप दास द्वारा भी बैठक को संबोधित किया गया।

मंत्री व कलेक्टर के सामने राजगढ़ के हालातों को बयां किया

माला 150 पेजों की, दर्द 3 साल का, फरियादी ने सिस्टम की पोल खोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनवास

प्रशासनिक फाइलों की धूल से न्याय दबने लगता है तो जनता का विरोध अनोखा रूप ले लेता है। कुछ ऐसा ही हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला सुठालिया के लखनवास में आयोजित जनविश्वास शिविर में। जहाँ आलाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच एक ऐसा फरियादी पहुँचा जिसकी अनोखी माला देखकर जनविश्वास शिविर का पूरा विश्वास ही डगमगा गया। शिविर में ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा के लोधीपुरा निवासी जगदीश लववंशी जब शिविर में दाखिल हुए तो सबकी निगाहें उन पर टिक गईं। गले में न तो फूलों की माला थी और न ही किसी ढोल-नगाड़े का स्वागत। जगदीश के गले में लटक रही थी 150 पेजों के आवेदनों की भारी-भरकम माला यह कोई फैशन स्टेटमेंट नहीं बल्कि पिछले 3 सालों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर बटोरी गई प्रशासनिक लीपापोती की दास्तान थी।



ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा के फर्जीवाड़े की पूरी इनसाइड स्टोरी

मामला कुआँ कूप निर्माण की मजदूरी से जुड़ा है। जगदीश का आरोप है कि 3 साल पहले पंचायत द्वारा मंजूर कूप-निर्माण में सरपंच और सचिव ने बड़ा खेल कर दिया। कागजों पर फर्जी मस्टर और फर्जी मजदूर दिखाकर गरीब जगदीश के हक का पैसा दूसरों के खातों में डलवा दिया गया और बाद में उसे कैश कराकर अपनी जेबें भर ली गईं।जब जगदीश ने इसकी जंग लड़ी तो जिला पंचायत राजगढ़ में मामला चला। तत्कालीन सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की जांच में सरपंच और सचिव खुलेआम दोषी पाए गए।

कार्रवाई के नाम पर ऊंट के मुंह में जीरा

दोष सिद्ध होने के बाद नियम तो यह कहता था कि धारा 40 के तहत सरपंच-सचिव की कुर्सी छीनी जाए और गरीब हितग्राही को उसका हक दिलाया जाए। लेकिन राजगढ़ का मेहरबान सिस्टम देखिए। कार्रवाई के नाम पर महज सरपंच का 3 महीने का मानदेय भत्ता काटकर मामला रफा-दफा कर दिया गया! यानी, घोटाला हजारों-लाखों का और सजा जेब खर्च काटने जितनीचुपचाप बिठाओ इसे और फिर कलेक्टर का एक्शनइसी लीपापोती और जिला पंचायत के दिखावे से त्रस्त होकर जगदीश ने 150 पन्नों की शिकायत की माला बनाई और सीधे मंत्री-कलेक्टर के सामने कूद पड़े। शिविर में जब यह अनोखा फरियादी पहुँचा तो हड़कंप मच गया।मंच पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार राजगढ़ कलेक्टर एसपी जिला पंचायत सीईओ ब्यावरा एसडीएम और सुठालिया तहसीलदार समेत तमाम अमला मौजूद था। 150 पन्नों की माला देखकर पहले तो राज्य मंत्री जी का पारा चढ़ा और उन्होंने पुलिस से तुरंत फरमान जारी किया चुपचाप बिठाओ इसे! पुलिस ने जगदीश को साइड तो कर दिया लेकिन जनता में फुसफुसाहट और मीडिया के कैमरों की हलचल बढ़ चुकी थी। मामला भांपते ही भाषण खत्म होते ही कलेक्टर महोदय ने खुद जगदीश लोधा से ज्ञापन लिया और इस बार कड़ा एक्शन लेने का आश्वासन दिया।अब देखना यह होगा कि 150 पेजों की इस गूंजती माला के बाद राजगढ़ का तंत्र जागेगा या फिर से किसी नए आवेदन की माला बनने का इंतजार करेगा।

इनका कहना है

हमने उसी खातों में पैसे डाले जो सरपंच ने दिया था,
-**पूनमचंद,** सचिव ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा
हमने इस मामले हमारे द्वारा जिला पंचायत स्तर की कार्रवाई कर चुके है अगर इसमें हितग्राही संतुष्ट नहीं तो न्यायालय चला जाए।
-**एश्विछत गढ़पाले,** जिला पंचायत सीईओ राजगढ़

शासन-प्रशासन से मांगों के शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण की मांग

सफाई कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों का अजाक्स ने धरना स्थल पहुंचकर किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मध्यप्रदेश अजाक्स, जिला इकाई मंदसौर ने राष्ट्रीय वाल्मीकि सेना मार्शल कौम, नगर पालिका परिषद मंदसौर में कार्यरत सफाई कर्मचारियों एवं संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रस्तुत सफाई कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों का पूर्ण समर्थन किया है। अजाक्स जिलाध्यक्ष प्रहलाद कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर सफाई कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया तथा शासन-प्रशासन से मांग की कि कर्मचारियों की जायज मांगों का नियमानुसार, संवेदनशीलता के साथ एवं समयबद्ध तरीके से निराकरण किया जाए।

अजाक्स ने प्रमुख रूप से मांग की कि लंबे समय से कार्यरत पात्र दैनिक वेतनभोगी एवं सफाई कर्मचारियों को नियमानुसार स्थायी किया जाए, मृत कर्मचारियों के पात्र आश्रितों को शीघ्र अनुकम्पा नियुक्ति दी जाए तथा शहर के बढ़ते विस्तार को देखते हुए आवश्यक संख्या में नए सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए। संगठन ने सफाई व्यवस्था में संचालित आउटसोर्स, ठेका एवं एनजीओ व्यवस्था को समाप्त करने, कर्मचारियों से निर्धारित 8 घंटे से अधिक कार्य नहीं लेने, अतिरिक्त कार्य एवं अवकाश दिवस पर कार्य के लिए नियमानुसार लाभ देने, बिना उचित कारण एवं सुनवाई के सेवा से पृथक नहीं करने की मांग भी रखी।

इसके साथ ही कर्मचारियों की सेवापुस्तिका एवं मूल अभिलेखों का डिजिटलीकरण, एढऋ एवं संबंधित आईडी/पासवर्ड की जानकारी, प्रतिमाह वेतन पर्ची, समय पर वेतन भुगतान, अद्यतन वरिष्ठता सूची उपलब्ध कराने तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सभी पात्र देयकों का समयबद्ध भुगतान करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अजाक्स, जिला इकाई मंदसौर सफाई कर्मचारियों की इन 15 सूत्रीय न्यायोचित मांगों का समर्थन करता है और मांगों के निराकरण के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। समर्थन के दौरान प्रांतीय संयुक्त सचिव जे.पी. अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सूर्यवंशी, जिला सचिव रघुवीर मालवीय, जिला सचिव चैनसिंह जमरा, जिला महासचिव दशरथ सूर्यवंशी, अर्जुनसिंह सूर्यवंशी, गोपाल सुनार्थी, मनोज सूर्यवंशी सहित अजाक्स के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।